# ओडीओपी योजना की बड़े पैमाने पर होगी ब्रांडिंग

## एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ व अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल से मिलीं कंगना रणौत


अभिनेत्री कंगना रणौत ने एमएसएमई मंत्री के साथ बैठक में ओडीओपी पर चर्चा की।

**लखनऊ।** ओडीओपी योजना की बड़े पैमाने पर ब्रांडिंग के सिलसिले में एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह व अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल की फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत से मुलाकात हुई। इस दौरान कंगना को ओडीओपी योजना का ब्रांड एंबेसडर बनाने पर भी चर्चा हुई। कंगना ने ओडीओपी योजना की ब्रांडिंग में सरकार को हर प्रकार से सहयोग देने का आश्वासन दिया।

सिद्धार्थनाथ सिंह ने कंगना को ओडीओपी योजना के बारे में विस्तार से बताया। कारीगरों के उत्पादों को उत्कृष्ट बनाने के लिए उन्हें नवीनतम तकनीक से जोड़ा गया। नवनीत सहगल ने प्रस्तुतीकरण देकर ओडीओपी के पारंपरिक उत्पादों की विशेषताओं से कंगना को रूबरू कराया।

कंगना ने ओडीओपी योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से भारतीय पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक स्तर पहचान मिल रही है। मोदी और योगी के काम करने के तरीके से लोगों का नजरिया बदला है। आज विदेशों में लोग भारतीय परिधानों और उत्पादों को पसंद कर रहे हैं। ब्यूरो